# मनरेगा में काम नहीं मिलने से परेशान नरेगा मजदूर धरने पर बैठे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा दिये गये निर्देशानुसार गुरूवार को पंचायत समिति पदमपुर के विकास अधिकारी रजत यादव ने 56 एलएनपी में धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों से समझाइश कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

यादव ने बताया कि पूरनचन्द दुग्गल, छोटूराम वर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति पदमपुर सहित ग्राम पंचायत जीवनदेसर में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में चक 27 एमएल (साजनवाला) व चक 56 एलएनपी के धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों की मौके पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण किया गया। श्रमिकों ने बताया कि उन्हें मनरेगा का कार्य नहीं मिल रहा है। गांव के पास ही मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य स्वीकृत करवाये जाए ताकि श्रमिकों के 100 दिवस इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो सके। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुभ शक्ति, छात्रवृति एवं खाद्य सुरक्षा इत्यादि का लाभ मिल सके।

मौके पर ही ग्राम विकास अधिकारी सोहन लाल एवं कनिष्ठ सहायक दीपक राज मीणा से श्रमिकों के फार्म मनरेगा रोजगार हेतु भरवाये गये। ग्राम पंचायत के गांव 56 एलएनपी, 58 एलएनपी, 27 एमएल, जीवनदेसर इत्यादि गांवों के नजदीक ही मनरेगा में कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार करवाये गये। कार्य स्वीकृति उपरान्त 15 दिवस के अन्दर श्रमिकों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया।



पंचायत समिति पदमपुर के विकास अधिकारी रजत यादव ने 56 एलएनपी में धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों से समझाइश कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

**सादुलशहर।** ग्राम पंचायत बहरामपुरा बोदला (कालवासिया) में गत चार माह से बंद पड़े मनरेगा कार्य शुरू करवाने सहित विभिन्न जन समस्याओं को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को पंचायत समिति परिसर में ग्राम पंचायत सरपंच प्रमेन्द्र खीचड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों व मनरेगा श्रमिकों की ओर से धरना लगाया व रोष-प्रदर्शन किया।

धरने की सूचना मिलते ही पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक से उठकर एसडीएम शिवा चौधरी, तहसीलदार मुकुल टाक, पुलिस थाना अधिकारी सुमेर सिंह इंदा आदि धरना स्थल पर पहुंचे व धरनार्थियों की मांगों की सुनवाई की। सरपंच प्रमेन्द्र खीचड़ ने अधिकारियों को बताया कि गत चार माह से ग्राम पंचायत क्षेत्र में मनरेगा कार्य बंद पड़े हैं। जबकि अन्य ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य चल रहे हैं। गांव में मनरेगा बंद होने से श्रमिकों के समक्ष आर्थिक

- **मौके पर ही ग्राम विकास अधिकारी सोहन लाल एवं कनिष्ठ सहायक दीपक राज मीणा से श्रमिकों के फार्म मनरेगा रोजगार के लिए भरवाये गये**

संकट खड़ा हो गया है।

इसके अलावा गांव में लगातार अघोषित विद्युत कट बंद करने, ग्राम पंचायत क्षेत्र के अधीन गांव चक धौला व आसपास की ढाणियों में गत एक पखवाड़े से बंद पेयजल आपूर्ति सुचारू करने व ग्राम पंचायत में सामान्य मद के अधूरे पड़े बंद कार्यों को शीघ्र शुरू करने की मांग रखी।

एसडीएम ने धरनार्थियों को आश्वस्त किया कि ग्राम पंचायत में 1 जुलाई से मनरेगा कार्य शुरू करवा दिए जायेंगे। विद्युत कटौती व पेयजल आपूर्ति के संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाकर समस्या का समाधान करवा दिया जायेगा। धरनार्थियों की ओर से अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में करीब एक सौ से अधिक ग्रामीणों व मनरेगा श्रमिकों के हस्ताक्षर हैं।

## मैजेस्टिक एक्सपो का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। महिलाओं के गृह, लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने, उन्हें एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के उद्देश्य को लेकर लम्बे समय से लघु उद्योग भारती प्रयत्नशील है। इसे निरन्तरता प्रदान करने के लिए समय-समय पर प्रदर्शनी कर जनता का ध्यानाकर्षण भी करती है। दसवीं मेजेस्टिक एक्सपो का आयोजन 28 जून से रविन्द्र रंगमंच के सामने स्थित कपिल धारा में किया जायेगा।

इस संबंध में आयोजनकर्ता राखी चौरड़िया ने जेएनवी कॉलोनी स्थित कैफियो में एक प्रेसवार्ता का आयोजन कर तीन दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी की जानकारी दी। राखी चौरड़िया ने बताया कि मेजेस्टिक एक्सपो का शुभारंभ 28 जून को शाम 5.30 बजे शहर के गणमान्यजनों की गरिमामय उपस्थिति में समारोह पूर्वक किया जायेगा। साथ ही फूड कोर्ट, बच्चों के झूले, लाइव म्यूजिक जैसे मनोरंजन प्रदान करने वाले कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

एक्सपो में 90 से अधिक दुकानें सजेंगी जहां बीकानेर सहित देशभर के उत्पादन प्रदर्शन के साथ विक्रय किए जायेंगे। अभी तक 60 स्टाल बुक हो चुकी है। प्रदर्शनी का समय दोपहर 3 बजे से रात 11 बजे तक प्रतिदिन रहेगा।

वहीं लघु उद्योग भारती बीकानेर चैप्टर के उपाध्यक्ष राजेश गोयल ने बताया कि संस्था के माध्यम से कमजोर तबके की महिलाओं के हुनर को निखारने, उद्यम को बढ़ाने का काम किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### अपना घर आश्रम में फल बांटे



सीए सदस्यों व विद्यार्थियों ने अपना आश्रम में फल वितरित किए।

**बीकानेर,** (कासं)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष जसवंत सिंह बैद ने बताया कि सीए दिवस के अंतर्गत आज रानी बाजार स्थित अपना घर आश्रम में जाकर नर सेवा नारायण सेवा का भाव रखते हुए प्रतिवर्ष की भांति भी इस साल भी फल वितरित किए। ब्रांच अध्यक्ष ने कहा कि हमें तन मन धन से प्रत्येक व्यक्ति की सेवा करनी चाहिए जिससे मन को शांति मिले। फल वितरण में ब्रांच सचिव सीए अभय शर्मा, सीकासा अध्यक्ष सीए राहुल पचीसीया व अन्य सीए सदस्य विद्यार्थी भी इस सेवा भाव में शामिल हुए।

### पशुओं की बीमारी पर जानकारी दी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के अंतर्गत कार्यरत पशु विज्ञान केंद्र, सूरतगढ़ एवं आत्मा परियोजना श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वावधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. मैना कुमारी ने श्रीगंगानगर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पशुपालकों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पशु विज्ञान केंद्र और राजुवास द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पशुपालन के क्षेत्र में नवाचारों के बारे में जानकारी दी। केंद्र के डॉ. मनीष कुमार सेन ने पशुओं में वैज्ञानिक आहार व्यवस्था, कृमिनाशक दवा एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे खुरपका-मुंहपका, गलघोटू, लंगड़ा बुखार, ब्रूसेलोसिस, रेबीज इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सेवानिवृत सहायक कृषि अधिकारी पृथ्वी सिंह सरसुआ, सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र कुलड़ीया ने किसानों को खरीफ फसलों में कीट व रोग प्रबंधन के बारे में बताया। सहायक कृषि अधिकारी भीमराज जाखड़ ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया तथा जिसमें जीवामृत बीजामृत बनाने की विधियों की जानकारी दी। कॉलेज व्याख्याता सुभाष जाट ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य व पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। सहायक कृषि अधिकारी मुकंद भट्टी, भीमसेन, कृषि पर्यवेक्षक सुनील कुमार, विकास कुमार, मोनिका सारस्वत, दीपा फुटेला मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 100 पशुपालकों में भाग लिया।

### आओ स्कूल चले ट्रेलर लांच

**बीकानेर,** (कासं)। गरीब दबके के बच्चों को स्कूल के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के स्कूल चलों अभियान से प्रेरित होकर वन स्टेप रिकॉर्ड टीम की ओर से एक एलबम के ट्रेलर को लॉच किया गया है। जिसकी लॉचिंग अतिरिक्त आयुक्त प्रशासन महेन्द्र कुमार,सहायक आयुक्त सुखराम, नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष डूंगरराम,जय जोशी व पार्षद सुनील गेदर ने किया। इस मौके पर एलबम की जानकारी देते हुए कंपनी के डायरेक्टर व सिंगर बंटी चांवरिया ने बताया कि बीकानेर के अनेक स्थानों पर इसकी शूटिंग की गई है। जिसमें स्थानीय कलाकारों ने फिल्मांकन किया है। आओ स्कूल चले की थीम पर बनाएं गये इस एलबम में म्यूजिक अर्जुन तेजी ने दिया है। वहीं लेरिक्स बंटी चांवरिया की है। चांवरिया ने कहा कि शिक्षा का स्तर बढ़े और हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार के तहत शिक्षा मिलें। जिसमें न जाति न ही धर्म आड़े आता है। सर्वधर्म सद्भाव की भावना के साथ स्थानीय कलाकारों ने इस एलबम का निर्माण किया है। इस मौके पर सभी अतिथियों ने एलबम के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में एलबम में काम करने वाले बच्चों व कलाकारों का सम्मान भी किया गया। उन्होंने बताया कि पूरा एलबम की लांचिग 12 जुलाई को की जायेगी।

### शिक्षक सम्मान समारोह 7 को

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ एलीमेन्ट्री सैकेण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) द्वारा कॅरियर गाइडेंस व मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित करने हेतु सम्मान समारोह का आयोजन 7 जुलाई को जिला मुख्यालय बीकानेर पर किया जायेगा। समारोह में स्मृति चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया की कार्यक्रम में अतिथियों में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक,जयपुर आईपीएस किशन सहाय, एसबीआई के उप महाप्रबंधक अरविंद कुमार भट्ट, सहायक महाप्रबंधक नीरज कुमार, सहायक आयकर आयुक्त आईआरएस अरविंद कुमार मीना,सहायक आयुक्त,केन्द्र वस्तु एवं सेवाकर, आईआरएस भूपेंद्र छीपा, उप शासन सचिव, कृषि एवं पंचायत राज विभाग,जयपुर अशोक कुमार मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) बीकानेर, डॉ. डी.सी. मीणा,आयुक्त नगर निगम अशोक असीजा,डूंगर कॉलेज प्राचार्य डॉ. इंद्रसिंह राजपुरोहित,मुख्य प्रबंधक एसबीआई महेन्द्र मीना शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद करेंगे। सम्मान समारोह में कैरियर गाइडेंस के रूप समारोह में क्षेत्रीय निदेशक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय,कोटा, बलवान सिंह सैनी, सहायक निदेशक, पेंशन विभाग, बीकानेर डॉ. राहुल गोठवाल, सीबीईओ बज्जू डॉ.रामगोपाल शर्मा, राजकीय पोलेटेक्निक महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ.वाईवी माथुर, डूंगर कॉलेज के आचार्य डॉ.शमिंद्र सक्सेना, एनएसपी महाविधालय के प्राचार्य डॉ.प्रशांत बिस्सा, निदेशक सिंथेसिस जेठमल सुथार, पीबीएम अस्पताल के सीएमओ डॉ.एल.के. कपिल शामिल होंगे।

# बीकानेर में गैस पाइपलाइन योजना की फाइल अटकी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में ढाई साल पहले स्वीकृत गैस पाइपलाइन की योजना राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में सिरे नहीं चढ़ी।

गौरतलब है कि पाइपलाइन से घरों तक गैस योजना ढाई साल पहले केन्द्र सरकार ने बीकानेर में गैस पाइप लाइन का प्रोजेक्ट स्वीकृत किया। तब गृहणियों को लगा कि वह दिन दूर नहीं जब रसोई में सिलेंडर का झंझट समाप्त होगा। साल 2022 में केन्द्र सरकार से प्रोजेक्ट स्वीकृत होने के बाद शुरूआती दो साल तो कम्पनी ने खुद ही दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसकी एक वजह केन्द्र में भाजपा की सरकार और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार का होना भी रहा। राज्य सरकार से जुड़े विभाग आवश्यक कार्रवाई में सहयोग नहीं कर रहे थे।

अब दिसम्बर 2023 में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद हलचल शुरू हुई। कम्पनी ने प्लांट के लिए भूखण्ड खरीदा और इस पर प्लांट लगाने के लिए एक फर्म से अनुबंध भी कर लिया। परन्तु इसके बाद जिला

- **तीन महीने से अनुमति के लिए कम्पनी प्रतिनिधि रीको अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहे हैं**

प्रशासन, नगर निगम और रीको ने इस प्रोजेक्ट से जुड़ी फाइल अटका दी।

बीकानेर को गैसपाइप लाइन से रसोई गैस और उद्योगों को ईंधन गैस उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार के नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड ने हिंदुस्तान नेचुरल गैस कम्पनी के साथ 25 साल का अनुबंध किया है। कम्पनी को लिक्विड रूप में पेट्रोलियम गैस को यहां प्लांट में भंडारित कर उसे गैस में परिवर्तित कर पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति घरों, उद्योगों और पेट्रोल पम्पों को करनी है।

कम्पनी ने करणी इंडस्ट्रियल एरिया में प्लांट लगाने के लिए भूखण्ड खरीद लिया है। इसमें एलएनजी टर्मिनल स्थापित किया जायेगा। यहां पर लिक्विड प्रोफाइल में आने वाली पेट्रोलियम गैस को एलएनपी, पीएनजी और सीएनजी में बदलकर पाइप से आपूर्ति की जायेगी।

एलएनजी टर्मिनल और पाइप लाइन के लिए एनओसी की फाइल जिला प्रशासन के पास लम्बे समय से पड़ी है। सूत्रों ने बताया कि जिला प्रशासन ने छह विभागों से रिपोर्ट मांगी गई। अभी तक चार विभागों ने सकारात्मक रिपोर्ट दी है। परन्तु नगर निगम से फायर एनओसी के लिए दो महीने से ज्यादा समय से फाइल अटका रखी है। तीन महीने से अनुमति के लिए कम्पनी के प्रतिनिधि रीको के अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहे हैं।

मंजू नैण गोदारा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र बीकानेर का कहना है कि गैस पाइपलाइन का प्रोजेक्ट काफी समय से लम्बित है। उद्योगों को इससे बड़ा फायदा होगा। इसके लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर एनओसी आदि के लिए प्रयास कर रहे हैं। कम्पनी को भी जल्दी से जल्दी काम आगे बढ़ाने के लिए कहा है।

## सात पुलिस टीमों ने दी दबिश

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सीमा क्षेत्र में समाजकंटकों की गतिविधियों की रोकथाम के लिए जिला पुलिस की सात टीमों ने सुबह-सवेरे शहर में एक साथ कई जगह छापे मारे। इसमें करीब 100 अधिकारी व पुलिस जवान शामिल थे।

पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि समाजकंटक ड्रग्स व शराब तस्करी, ड्रग्स का व्यापार करने एवं लूट, डकैती, हत्या एवं चेन स्नेचिंग आदि अपराध करने की फिराक में रहते हैं। इसी प्रकार अन्य राज्यों के व स्थानीय तस्कर अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र से ड्रोन से अवैध मादक पदार्थ व हथियार तस्करी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। अन्य राज्य के तस्कर जिले में प्रवेश कर पीजी, होटल, धर्मशाला, सराय, धार्मिक स्थलों अन्य स्थानों या अपने परिचितों के पास रूककर अवैध मादक पदार्थ, हथियार तस्करी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर वापस चले जाते हैं।

जिले में ऐसे अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी करने के लिए बुधवार को सीओ सिटी बी. आदित्य नेतृत्व में तड़के 5 बजे करीब 100 अधिकारियों-कर्मचारियों की 07 टीमों ने शहर में स्थित अपार्टमेंट मे दबिश दी।

# 'किसान गुलाबी सुण्डी का प्रबंधन प्रारंभ करें'

**हनुमानगढ़,** (कासं)। गत वर्ष जिले में बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी की गंभीर समस्या आई थी। इससे कपास का उत्पादन प्रभावित हुआ था। इसी कारण विभाग की ओर से लगातार जागरूक किए जाने के बावजूद भी बीटी कपास का बुवाई क्षेत्र लगभग 40 प्रतिशत ही रही है। इस बीच गुलाबी सुंडी आने के संकेत मिलने लगे हैं।

इसे देखते हुए विभाग द्वारा फरवरी माह से ही लगातार गुलाबी सुण्डी प्रबन्धन उपायों की जानकारी दी जा रही है। गत वर्ष के गुलाबी सुण्डी कीट की प्यूपा अवस्था को नष्ट करके जीवन चक्र को बाधित करने के लिये बनच्छटी प्रबन्धन के बारे में बताया गया है। जिस पर बहुत सारे कृषकों द्वारा बनछटी प्रबन्धन किया गया है। फिर भी कुछेक कृषकों द्वारा बनछटी प्रबन्धन पर ध्यान नहीं दिये जाने और विभाग द्वारा अगेती बुवाई नहीं करने की समय-समय पर जारी चेतावनी के बावजूद भी कुछ क्षेत्रों में कृषकों द्वारा कपास फसल की अगेती बुवाई की गई।

इस अगेती बुवाई की गई फसल में सिंचाई पानी की पर्याप्त उपलब्धता और समय पर सिंचाई होने के बावजूद

- **कृषि विभाग ने किसानों को दी चेतावनी, गुलाबी सुंडी से कपास का उत्पादन हो सकता है प्रभावित**

भी अत्यधिक गर्मी के कारण पौधों में फूल निकले। कुछेक खेतों में गुलाबी सुण्डी का प्रकोप देखा गया है। सोशल मीडिया पर चल रही वीडियो से किसानों को नहीं घबराने की सलाह दी गई है।

विभाग की सलाह है कि अगेती बुवाई की गई फसल में किसान गुलाबी सुण्डी प्रबन्धन प्रारभ करें। सप्ताह का एक दिन निश्चित करके साप्ताहिक अन्तराल पर कीटनाशी रसायनों का छिड़काव करें। गुलाबी सुण्डी ग्रसित रोजेटेड फूल, टिण्डे अगर है तो उन्हें तोड़कर नष्ट कर देवें जिससे इस कीट का जीवन चक्र बाधित होगा। समय पर बुवाई की गई फसल में इसका प्रकोप नहीं हो।

# ओल्ड पेंशन योजना में जी.पी.एफ. खाता की मांग

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान विद्युत कर्मचारी अभियंता एवं अधिकारी संयुक्त संघर्ष समिति बीकानेर व्रत के द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग) राजस्थान सरकार को अधीक्षण अभियंता, बीकानेर व्रत के माध्यम द्वारा पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत जीपीएफ खाता आवंटित करने व सीपीएफ बंद करने हेतु आज ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गौरीशंकर व्यास, प्रदेश सचिव शिवदत्त गौड़, जिला मंत्री दीपक चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष विद्युत श्रमिक संघ नवीन स्वामी, जिला महामंत्री रामदेव सांखला, देवेश सोनी, राजेंद्र मीणा, ललित स्वामी, दिनेश मोदी, महेंद्र पन्नू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

**सांख्यिकी दिवस 29 को :** श्रीगंगानगर में प्रोफेसर प्रशांत चंद महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में दिये गये योगदान के उपलक्ष में उनके जन्म दिवस 29 जून पर 18 वें सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन जिला परिषद सभागार में प्रातः 10.30 बजे आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा किया जायेगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक मोहनलाल ने बताया कि उक्त समारोह यूज ऑफ डाटा फॉर डिसीजन मेकिंग की थीम पर किया जायेगा।

## घर में डीजल डाल आग लगाई

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर थाना क्षेत्र की जसोदा कॉलोनी स्थित एक घर में डीजल डाल कर आग लगाने, जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिवादिया की रिपोर्ट पर दो नामजद सहित अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार परिवादिया जसोदा कॉलोनी निवासी निर्मला सोनी (40) पत्नी राजाराम सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पलाना निवासी अभिषेक जाट पुत्र भंवर जाट, मनोज जाट व अन्य जने मुंह पर रूमाल बांधकर रात करीब डेढ बजे उसके घर पर आये और डीजल डालकर आग लगा दी।

# 10 लाख पौधे तैयार, बारिश होते ही वितरण शुरू होगा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में मानसून सीजन को देखते हुए वन विभाग ने करीब दस लाख पौधे तैयार किए हैं। बरसात होते ही वितरण का कार्य शुरू किया जायेगा।

हर वर्ष हजारों की संख्या में पौधे लगाने में जितनी ऊर्जा वन विभाग खर्च करता है, उसकी तुलना में वन तस्कर भी उतने ही सक्रिय हो रहे हैं। जिले की बात करें तो 2022-23 में कुल 80 प्रकरण अवैध लकडियों के परिवहन के सामने आए। इन मामलों में वन विभाग ने 1844500 रुपए का जुर्माना वसूल किया। इसी तरह 2023-24 में 126

- **हर साल पौधे लगाये जाते हैं लेकिन तस्कर काट ले जाते हैं**

प्रकरण सामने आए हैं। इसमें 3266200 रुपए जुर्माने के रूप में वसूल किए हैं। इस तरह दो बरसों में कुल 206 प्रकरणों में 5111000 रुपए जुर्माना वसूला गया है। जिले में दो दिन पहले 390 क्विंटल लकडियों से भरे 11 वाहनों को सीज करने की कार्रवाई की गई। इन दिनों वन विभाग ने सघन जांच अभियान शुरू कर रखा है। नोहर क्षेत्र में 1 ट्रक एवं दो पिकअप कुल तीन वाहनों में 140 क्विंटल लकड़ी एवं रावतसर में 7 पिकअप एवं 1 ट्रेक्टर रेहड़ा वाहनों में 250 क्विंटल लकडियों सहित वाहन सीज किए हैं।

धर्मपाल कस्वां, निरीक्षक, वन विभाग हनुमानगढ़ का कहना है कि जिले में वन अपराध के तहत 11 कैटेगिरी निर्धारित है। इसमें अवैध लकडियों के परिवहन के मामले लगातार सामने आने पर विभाग स्तर पर वाहन सीज करके जुर्माना लगा रहे हैं।

# पुण्यतिथि पर पूर्व न्यासी स्व. माणकचन्द जावा को याद कर श्रद्धांजलि दी

**बीकानेर,** (कासं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व न्यासी स्व. माणकचन्द जावा की 8 वीं पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने स्व. जावा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. माणकचन्द जावा गरीब तबके के लोगों के मसीहा थे। उन्होंने नगर विकास न्यास में न्यासी रहते हुए कैम्प लगवाकर जात पात से ऊपर उठकर सभी गरीबों को स्टेट ग्रान्ट के पट्ट दिलवायें। इस अवसर पर मकसूद अहमद पूर्व महापौर व अध्यक्ष नगर विकास न्यास ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मुझे भी स्व. माणकचन्द जावा के साथ काम करने का मौका मिला था। स्व. जावा साफ एवं स्वच्छ छवि व व्यक्तिव के धनी थे। उन्होंने जीवन में हमेशा गरीबों के उत्थान के लिए काम किया। कांग्रेस नेता गुलाम



पूर्व न्यासी माणकचंद जावा की पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा को शहर कांठोस अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने संबोधित किया।

मुस्तफा बाबू भाई ने स्व. जावा को समाज का सच्चा हितैषी व कर्म योद्धा बताया।

स्व. माणकचन्द जावा के पुत्र वरिष्ठ पार्षद नगर निगम एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नन्दलाल जावा ने कहा कि मेरे पिता के आशीर्वाद से उनके पदचिन्हों पर चलते हुए पार्टी में सच्चे सिपाही की तरह कार्य करते हुए सामाजिक क्षेत्र से मजदूर एवं गरीब तबके के लोगों को लाभ दिलाने में भरपूर सहयोग हमेशा से कर रहा हूं। इस

- **डॉ बी.डी. कल्ला ने जयपुर से मोबाइल फोन से श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया**

के परिणाम स्वरूप मैं दूसरी बार पार्षद बना हूं। पार्षद जावा ने युवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढकर समाज को सुदृढ करने को कहा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला ने जयपुर से मोबाइल माइक्रोफोन से श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. माणवचंद जावा जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता बनने की जरूरत है। स्व. जावा ने अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों को सरकारी लाभ दिलवाया एवं शिक्षा के क्षेत्र में समाज कल्याण छात्रावास खुलवाया। वाल्मीकि बस्ती में सरकारी स्कूल को सीनियर हायर सैकण्डरी कराया था।

# एन.सी.सी. कैडेट्स को ड्रिल तथा हथियार प्रशिक्षण दिया

**बीकानेर,** (कासं)। कमान अधिकारी कर्नल जॉनी थॉमस 7 वीं। राजस्थान बटालियन एनसीसी बीकानेर के तत्वावधान में दस दिवसीय वार्षिक सयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 19 से 28 जून तक तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर मे आयोजित किया जा रहा है। जिसमे बीकनेर, सरदारशाहर, संगरिया, हनुमानगढ, नोहर, श्रीडूंगरगढ, नोखा व रावलामण्डी के 14 एएनओ 510 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर में नौवें दिवस की शुरूआत कैडेटों द्वारा पीटी व योगाभ्यास से की गई।

उसके बाद डिप्टी कैम्प कमाण्डेट ले. कर्नल मनदीप सिंह निज्जर के निर्देशन में एनसीसी कैडेटों ड्रिल तथा हथियार प्रशिक्षण दिया गया व प्रिथल सेना कैम्प द्वितीय कि लिए कैडेटों का चयन किया गया। इसके बाद कैडेटों का ड्रिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांयकालीन सत्र में खेलकूद प्रतियोगिता के तहत बालिका वर्ग में खो-खो तथा बालक वर्ग में वॉलीवाल



एन.सी.सी. प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स को हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया।

मैच का आयोजन किया गया। जिसमें कैम्प कमाडेंट कर्नल जॉनी थॉमस ने खेल मेदान में उपस्थित रहकर बालक बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया।

मैच विजेता टीम के एनसीसी कैडेटों को मैडल देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार शर्मा डूंगर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल दिग्विजय सिंह मौजूद थे।